# डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के मसीहाः डॉ. यादव



भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व बहुत महान और विराट था। वे सामाजिक एकता के प्रबल पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा हैं।**

डॉ. अंबेडकर को आगे बढ़ाने में ग्वालियर के राजा जीवाजी राव सिंधिया सहित बडौदा के महाराजा गायकवाड़ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहब को अंबेडकर नाम उनके गुरू ने दिया था। जिसका उन्होंने जीवन पर्यंत सम्मान किया और उसे शिखर पर पहुंचाया। डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र नाट्य गृह इन्दौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की जिला संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सहित नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व राज्यसभा सदस्य नारायण सिंह केसरी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण महेन्द्र हार्डिया, रमेश मैंदोला, श्रीमती मालिनी गौड़, पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, सफाई कामगार आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, सुमित मिश्र, राघवेन्द्र गौतम तथा डॉ. निशांत खरे विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डॉ. अंबेडकर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम केन्द्र और राज्य शासन कर रही है। बाबा साहब ने जन्म लिया, जिस स्थान पर, जहॉं पर शिक्षा पाई तथा उनसे जुड़े अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम सरकार ने किया है। श्रीमती वसुंधरा राजे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के महान नेता थे, जिनको पूरी दुनिया सुनती थी। वे चाहते थे कि देश का हर व्यक्ति पढ़े-लिखे और आगे बढ़े। उनमें मानवता कूट-कूट के भरी थी और वे सबको एक दृष्टि से देखते थे।

डॉ. अंबेडकर ने जो संविधान लिखा वो केवल एक कानून का दस्तावेज नहीं होकर जीवन जीने की एक पद्धति है, जिसका सम्मान आज पूरी दुनिया में भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपनी शिक्षा-दीक्षा और कार्यों से पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि कोई भी कार्य कठिन और असंभव नहीं है। उनके कार्य से समाज को प्रेरणा मिलती है, आत्मविश्वास बढ़ता है और एक नई ऊर्जा मिलती है। डॉ. अंबेडकर ने सबको समानता के साथ जीवन जीने के साथ-साथ उड़ान भरने का अवसर प्रदान किया है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने डॉ.अंबेडकर की तुलना दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता डॉ. नेल्सल मंडेला और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति मॉर्टिन लूथर किंग से करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने करीब 80 करोड़ भारतीयों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। मंत्री सिलावट ने कहा कि बाबा साहब राष्ट्र के ही नहीं विश्व के गौरव है। वे भविष्यक्ता थे और अन्याय के खिलाफ हमेशा हुंकार भरते थे। डॉ. अंबेडकर के बताये हुए मार्ग पर आगे चलने का कार्य केन्द्र और सरकार कर रही है। यहां नारी शक्ति, युवा शक्ति के साथ-साथ गरीबों और किसानों को भी सम्मान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने पहलगाम में हुए आतंकवादियों के हमले में मृत निर्दोष लोगों के प्रति दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने पूर्व सांसद नारायण सिंह केसरी सहित अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया।

## एसआईटी करेगी लव जिहाद की जांच

**भोपाल ( काप्र )।** इंदौर और भोपाल में कॉलेज छात्राओं से हुए लव जिहाद का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। जन आक्रोश के चलते पुलिस को भी ताबड़तोड़ एसआईटी गठित करना पड़ी। अब एसआईटी इस मामले की तेजी से जांच में जुटी है। एसआईटी मामले की जांच के लिए इंदौर भी जाएगी। फरहान नाम का आरोपी इंदौर में भी एक युवती से उसके किराए के घर में ज्यादती करने पहुंचा था, जिसकी सूचना युवती ने इंदौर पुलिस को दी थी। पुलिस ने भी मौके पर जाकर छात्रा से मुलाकात की, लेकिन उस वक्त छात्रा रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं पहुंची, जिसके चलते फरहान उस वक्त बच गया। अब एसआईटी इंदौर में इस बात की भी जांच करेगी कि फरहान कितनी बार इंदौर आया और उसने उक्त छात्रा के अलावा उसकी अन्य कितनी सहेलियों को भी निशाना बनाया। बता दें कि छात्रा के भंवरकुआं स्थित किराए के घर पर जब फरहान ने ज्यादती की थी, उस वक्त वह नाबालिग थी। यह भी जानकारी मिली कि भोपाल में पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल में जिन युवतियों के वीडियो मिले हैं, उनमें से एक वीडियो इंदौर की छात्रा का भी है।







मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com